# <u>प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 27 अगस्त 2024</u>

(1) <u>परिसदन, गुमला में पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान) जागरूकता वाहन को रवाना किया।</u>

<u>मिशन सर्वोदय के तहत पी०भी०टी०जी० हेल्पलाईन का शुभारंभ किया।</u>

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज परिसदन, गुमला में पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान) जागरूकता वाहन को झरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, मिशन सर्वोदय के तहत पी०भी०टी०जी० हेल्पलाईन का शुभारंभ किया।

गुमला साइंस सेंटर, गुमला का अवलोकन तथा छात्राओं से संवाद किया

माननीय राज्यपाल ने इसके उपरांत गुमला साइंस सेंटर, गुमला का अवलोकन किया। उन्होंने साइंस सेंटर में जिले से पिछले और इस वर्ष शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो गई छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने छात्राओं से उनके अनुभवों के बारे में पूछा। राज्यपाल महोदय ने छात्राओं से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने और मन लगाकर पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चियों से शिक्षा के क्षेत्र में यदि कोई बदलाव किया जाना चाहिए,

तो उसके लिए सलाह की मांग की। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप सीधे भी राजभवन से संपर्क  कर सकते हैं और अपने सलाह से हमे अवगत करवा सकते हैं। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना हमारी जिम्मेदारी है, हम आपके सुझाव को गंभीरता से लेंगे।

सावित्री बाई फुले पुस्तकालय, गुमला का किया अवलोकन

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने गुमला जिला भ्रमण के क्रम में आज सावित्री बाई फुले पुस्तकालय, गुमला का अवलोकन किया तथा वहां पढ़ने हेतु पहुंची छात्राओं से संवाद कर उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें लाइब्रेरी से काफी लगाव है। उन्होंने जिले में महिलाओं के लिए बने पुस्तकालय से की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान बढाने का कार्य करता है। यहां आना हमेशा ही उपयोगी सिद्ध होगा। बेहतर शिक्षा प्राप्त कर जीवन एवं समाज को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर सकते हैं। इस दौरान राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों के समक्ष अपने जीवन के संघर्षों को भी रखते हुए कहा कि संघर्ष सभी के जीवन में आते हैं। उन संघर्षों से निडर होकर लड़ना एवं खुद को बेहतर दिशा में आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इस अवसर राज्यपाल महोदय ने बालिकाओं राजभवन आने हेतु आमंत्रित किया। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय द्वारा विद्यार्थियों के मध्य साईकल का भी वितरण किया गया।

राज्यपाल महोदय ने गुमला के बाजार समिति परिसर करौंदी में संचालित रागी प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण किया तथा स्वयं

सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर रागी से बनाये जाने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि अब मोटा अनाज स्वास्थ्यवर्द्धक अनाज के रूप में जाना जाएगा

माननीय राज्यपाल ने गुमला के बाजार समिति परिसर करौंदी में संचालित रागी प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण किया। इस क्रम में उन्होंने वहां कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर रागी से बनाये जाने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने दीदीयों का प्रोत्साहित किया और रागी से निर्मित उत्पादों की प्रशंसा की। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर मोटा अनाज सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बना रहा है। मोटे अनाज एक ऐसा खाद्यान्न है, जिसको भोजन के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही आवश्यक है. रागी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद खाद्यान्न है और यह लोगों को रोजगार का एक नया अवसर भी प्रदान कर रहा है। इसकी निरंतरता बनी रहे, आने वाले समय में इसका और भी अधिक लाभ मिलेगा। राज्यपाल महोदय ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं जल जीवन मिशन की चर्चा करते हुए कहा कि हर घर में एलपीजी का वितरण किया जा रहा है, ताकि माताओं व बहनों की आंखे खराब नहीं हो क्योंकि लकड़ी का चुल्हा से धुआं निकलता है और उससे आंखे खराब होने की संभावना रहती है। इसी प्रकार सबको शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कई प्रकार की बीमारियां सिर्फ पानी के कारण ही

होती है। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय द्वारा विभिन्न योजनानर्गत लाभूकोन के मध्य परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया।

---

(2)माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज अल्बर्ट एक्का चौक पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित दही-हांडी प्रतियोगिता में उपस्थित जन-समूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि विगत कई वर्षों से यह भव्य आयोजन होता आ रहा है। आज के युग में जब हम विभिन्न सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, तब इस अवसर पर हमें प्रेरणा मिलती है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, हमें धैर्य, साहस और बुद्धिमत्ता से काम लेना चाहिए। प्रेम, सद्भाव और परस्पर सहयोग से ही समाज और देश का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि हम सब आत्मनिरीक्षण करते हुए संकल्प लें कि कर्तव्य के पथ पर चलते हुए समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए कार्य करेंगे। माननीय राज्यपाल महोदय ने दही-हांडी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल दैनिक समाचार पत्र “दैनिक जागरण” द्वारा आयोजित 'जागरण आइकन ऑफ झारखण्ड 2024' कार्यक्रम में भाग लिया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज दैनिक समाचार पत्र “दैनिक जागरण” द्वारा आयोजित 'जागरण आइकन ऑफ झारखण्ड 2024' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है और हम सबका दायित्व है कि इस अभियान में अपना सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि झारखण्ड वह प्रदेश है जहां देश की जीवंत संस्कृति झलकती है। इस प्रदेश में आर्थिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है, मात्र जरूरत इस बात की है इसका सदुपयोग समाज के हित में हो।

माननीय राज्यपाल महोदय ने कहा कि मीडिया समाज में सजग प्रहरी के रूप में कार्य कर सामाज के प्रगति में अपना अहम योगदान देता है। यह जन समस्याओं के ओर ध्यान आकृष्ट करता है और जनमानस को भी जागरुक करता है और जनता को सरकार की योजनाओं से अवगत भी कराता है। स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में भी मीडिया ने अहम भूमिका निभाई है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि झारखण्ड में पदभार ग्रहण करने के पश्चात् उन्होंने दुमका, जामताड़ा, बोकारो,लोहरदगा, गुमला इत्यादि जिलों के ग्रामों में जाकर संवाद किया है। संवाद के दौरान लोगों के समस्याओं से अवगत होने का

अवसर मिला है। उनकी समस्याओं को दूर कर ही यह राज्य विकास के दौर में आगे बढ़ सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा सक्रियता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि राज्य की प्रगति में सभी अपना सक्रिय योगदान दें।